अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2021) दिनांक : 18.12.2021

समय सीमा : 3 घंटा चतुर्थ वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

आचार्य कालूगणी–35

प्र. 1 किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 5

(क) बालक कालू की रूग्ण आंखें किस उपचार से ठीक हुई?

(ख) छोगांजी व बालक कालू में वैराग्य भावना कहां और किसके सम्पर्क में आने से हुई?

(ग) मुनि कालू के परख का सिद्धान्त क्या था?

(घ) डालगणी ने आचार्य पद की नियुक्ति पत्र कब लिखा?

(ङ) कालूगणी का विहार क्षेत्र कहां-कहां था?

(च) कालूगणी ने आगमों की कुंजी किसको बताया?

(छ) मुनि बुद्धमल की हिचकी कैसे बंद हुई?

प्र. 2 किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्य में दीजिए– 10

(क) माता छोंगा जी व कानकंवर जी ने कालूगणी को भक्ति-उपहार में क्या-क्या भेंट किया?

(ख) कालूगणी भोजन में क्या-क्या लेते थे?

(ग) 'भिक्षु शब्दानुशासन' और कालु-कौमुदि के प्रथम अध्येता कौन से संत थे?

(घ) कालूगणी ने साध्वी सुखदेवांजी की जगह साध्वी दाखां जी को अग्रणी क्यों बनाया?

(ङ) कालूगणी अपने शिष्यों में किसकी बोली को किस-किस नाम से बतलाते थे?

प्र. 3 कोई एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 6

(क) सिद्ध करें कि कालूगणी माता छोगांजी के प्रति अत्यन्त भावनाशील थे।

(ख) सिद्ध करें कि कालूगणी अमृत-पुरुष थे।

(ग) दीक्षा-विरोध प्रसंग को संक्षेप में लिखें।

प्र. 4 विभिन्न दृष्टांतों के द्वारा सिद्ध करें कि कालूगणी न्यायवादी आचार्य थे? 14

अथवा

कालूगणी के बीकानेर प्रवास को विस्तार से लिखें।

कृ. पृ. प.

युगप्रधान आचार्य तुलसी–35

प्र. 5 किन्हीं नौ प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 9

(क) आचार्य पद का दायित्व लेते ही आचार्य तुलसी ने सबसे पहले कौन सा बीड़ा उठाया?

(ख) किसका गंभीर अध्ययन आचार्य तुलसी की प्रतिभा का परिचायक बना?

(ग) आचार्य तुलसी ने अपनी यात्राओं को विस्तार देने में किसको आधार बनाया?

(घ) सन् 1988 से 1993 तक आचार्य तुलसी ने किस क्षेत्र की यात्रा की?

(ङ) दिल्ली में आयोजित 'विश्व हिन्दू सम्मेलन' में आचार्य तुलसी ने कितने लोगों को सम्बोधित किया?

(च) आचार्य तुलसी के साहित्य को किसका उत्कृष्ट नमूना कहा जा सकता है?

(छ) आचार्य तुलसी की काव्यमयी रचना का नाम लिखें।

(ज) 'अणुरपिव्रतस्पैषस्त्रायते महतो भयात्' से क्या तात्पर्य है?

(झ) जैन विश्व भारती में 'सेवाभावी कल्याण केन्द्र' द्वारा किस प्रकार की सेवायें दी जाती है?

(ञ) आचार्य तुलसी का लाल किले पर अभिनन्दन कब किया गया?

प्र. 6 किन्हीं दो प्रश्नों का दो या तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए– 5

(क) धर्मक्रान्ति के पांच सूत्रों में से समाधायकता से क्या तात्पर्य है?

(ख) 'मैं मानवीय एकता में विश्वास करूंगा' इस धारा की दो उपधाराएं कौन सी हैं?

(ग) आचार्य तुलसी के आचार्य काल के पचास वर्ष की सम्पन्नता के उपलक्ष्य में किस उत्सव का आयोजन हुआ और उसमें किसके द्वारा कौन सा अलंकरण दिया गया?

प्र. 7 किसी एक प्रश्न का उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 6

(क) 'होनहार विरवान के होत चिकने पात' यह उक्ति आचार्य तुलसी पर किस प्रकार प्रमाणित होती है?

(ख) आगम सम्पादन पर टिप्पणी लिखें।

(ग) 'प्रवचन सुनने का अधिकार सबको है' इस सन्दर्भ को स्पष्ट करें।

प्र. 8 'नया मोड़' अभियान पर प्रकाश डालें। 15

अथवा

आचार्य तुलसी द्वारा प्रदत्त कोई सात उद्घोषों की पृष्ठभूमि व उद्देश्यों को लिखें।

तुलसी प्रबोध–21

प्र. 9 किन्हीं दो पद्यों की सप्रसंग व्याख्या करें– 12

(क) बिगुल बज्यो......................................किरदार हो।।

(ख) 'पण्णा समिक्खेए'......................................झंकार हो।।

(ग) 'युवाचार्य निर्वाचन' वाला पद्य।

(घ) माघ महोत्सव...................................... तार हो।।

प्र. 10 किन्हीं तीन पद्यों को लिखें– 9

(क) ओसवंश...................................... संस्कार हो।।

(ख) सेवाकेन्द्र...................................... सदाबहार हो।।

(ग) इतलै आया...................................... निपजार हो।।

(घ) भाद्रव शुक्ल...................................... सिरजणहार हो।।

(ङ) जोधाणै...................................... मनुहार हो।।

तेरापंथ प्रबोध–9

प्र. 11 कोई तीन पद्य लिखें– 9

(क) हो आदेश...................................... मनुहार हो।।

(ख) एक हुवै...................................... गीत सुप्यार हो।।

(ग) लागै अब...................................... उपसंहार हो।।

(घ) घोर विरोधी...................................... जोरदार हो।।

(ङ) 'निशदिन ध्याऊं मोद मनाऊं' गीत वाला पद्य।